तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 29 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 चिरमिरी में डायलिसिस की मिलेगी सुविधा



(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## केन्द्रीय उड़नदस्ता टीम ने बलरामपुर जिले में सनावल, पचावल क्षेत्र में किया नदियों का सर्वे

# अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने सख्त हुआ शासन, नदियों का ड्रोन सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ परिवहन के खिलाफ भी हुई कार्रवाई

प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर शासन अब सख्त हो चुका है। रेत माफियाओं की बढ़ती सक्रियता और संघर्ष की स्थिति को देखते हुए शासन द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही रेत खदानों का ड्रोन से सर्वे कराया जा रहा है। ड्रोन सर्वे के माध्यम से रेत खदानों की स्थिति का पता लगाया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

बता दें कि सरगुजा में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य जोरों पर चल रहा है। संभाग के सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर नदियों से बालू निकाला जा रहा है जबकि वर्तमान में एनजीटी के नियमानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत के उत्खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया गया है। जिले से लगे कोरिया में भी हुआ खुनी संघर्ष रेत उत्खनन से ही जुड़ा हुआ था। यही वजह है कि राज्य शासन ने अब रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्त रुख अपनाया है और पिछले दिनों राज्य से खनिज विभाग की केन्द्रीय उड़न दस्ता टीम सरगुजा पहुंची और जिले के साथ ही सूरजपुर, एमसीबी, बलरामपुर जिलों में कार्रवाई की। इस बीच बड़ी जानकारी निकलकर सामने आई है। अवैध उत्खनन पर निगरानी रखने अब ड्रोन से सर्वे किया जा रहा है। केन्द्रीय उड़नदस्ता टीम ने बलरामपुर जिले के सनावल व पचावल क्षेत्र में पांगन नदी किनारे ड्रोन से सर्वे किया गया। ड्रोन सर्वे के माध्यम से नदी में रेत की स्थिति का आंकलन किया गया। बताया जा रहा है कि टीम भविष्य में फिर से आकर ड्रोन सर्वे कर नदी में रेत का आंकलन करेगी और यदि अवैध उत्खनन किया गया है तो इसका पता चल जाएगा। इसके साथ ही केन्द्रीय उड़नदस्ता टीम ने पिछले दिनों स्थानीय टीम के साथ मिलकर 6 गाड़ियों पर कार्रवाई की जबकि सूरजपुर जिले में पिछले तीन दिनों में केन्द्रीय व जिला स्तरीय टीम द्वारा 8 रेत लोड वाहनों पर कार्रवाई की गई।



केन्द्रीय उड़नदस्ता दल की टीम।



अवैध रत खनन के लिए चर्चित पांगन नदी।

### बढाई गई समझौता राशी, अब महंगा पड़ेगा अवैध परिवहन

राज्य शासन द्वारा अवैध उत्खनन के साथ ही अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए भी बड़ी रणनीति बनाई है। इसके तहत अब अवैध परिवहन करते पकड़े गए वाहनों पर कार्रवाई हेतु समझौता राशि में वृद्धि कर दी गई है। जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल के अन्सुअर पहले ट्रैक्टर पर समझौता राशि 15 हजार थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर 30 हजार कर दिया गया है। इसी तरह हाइवा में पैनाल्टी बढाकर 60 हजार रूपए से शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही वाहन में लोड खनिज के बाजार मूल्य को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रेत का बाजार मूल्य 1 घनमीटर का 235 रूपए है जबकि गिट्टी प्रति टन 434 रूपए है। ऐसे में वाहन में लोड खनिज का बाजार मूल्य भी जोड़ा जाएगा। इससे अवैध परिवहन करने वालों को अपने वाहन छुड़ाने अधिक रकम चुकानी पड़ेगी और इस भारी भरकम समझौता राशि से बचने के लिए अवैध परिवहन करने से बचेंगे।

### सिर्फ इन खदानों को ही स्वीकृति

संभाग में सरगुजा जिले में प्रतापगढ़, जजगा और मोहनपुर, सूरजपुर जिले में राजापुर, कंदरई और नरेशपुर, बलरामपुर जिले में पचावल में 3 और रामचंद्रपुर विकासखंड के लिबरा में एक खदान से रेत उत्खनन की स्वीकृति है। भंडारण केंद्र की बात की जाए तो जिले में सीतापुर क्षेत्र में 4 और उदयपुर क्षेत्र में एक कुल 5 भंडारण केंद्र ही है और इनमें भी भंडारण कर परिवहन किया जा रहा है। लेकिन जिलों में जगह जगह से रेत के उत्खनन और परिवहन का कार्य चल रहा है जो पूर्ण रूप से अवैध है।

### इन क्षेत्रों में होता है सर्वाधिक उत्खनन

सरगुजा में सीतापुर क्षेत्र में मांड नदी से तेलाईधार, टोकोपारा, रायकेरा, मंगरेलगढ़, ढेलसरा, नावाटोली, केशला, भिठुवा, नवापारा, राधापुर जैसे दर्जनों भर गांव से होकर बहने वाली मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन होता है। इसके साथ ही बलरामपुर जिले में राजपुर के महान नदी से गोपालपुर, नरसिंहपुर और परसवार से अवैध उत्खनन का कार्य होता है। इसी तरह सनावल के पांगन नदी से उत्खनन का कार्य चल रहा है। बड़ी बात यह है कि पांगन नदी आधी यूपी में है इसलिए तस्कर यूपी का परमिट लेकर छत्तीसगढ़ में उत्खनन कर रहे है और क्षेत्र से निकाली गई रेत उत्तर प्रदेश में खपाई जा रही है। इसी तरह सूरजपुर जिले खडगंवा में महान नदी, सूरजपुर क्षेत्र के रुनिया डीह, कुरुंवा, राजापुर, कंदरई में भी बड़े पैमाने पर उत्खनन और परिवहन का कार्य होता है।

### चल रही है कार्रवाई

सरगुजा में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। केंद्रीय उड़नदस्ता टीम के साथ मिलकर हमने कुचल छह गाड़ियों पर कार्रवाई की। सूचना के आधार पर नियमित रूप से कार्रवाई जारी है।

-अनिल कुमार साहू
जिला खनिज अधिकारी सरगुजा

### नियमों को किया गया है सख्त

अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उड़नदस्ता टीम के साथ बलरामपुर जिले में नदियों का ड्रोन सर्वे कर स्थिति का जायजा लिया गया है। इसके साथ ही अब अवैध परिवहन पर सख्ती के लिए समझौता राशि में वृद्धि कर दी गई है। इस हेतु शासन की ओर से नियम में संशोधन किया गया है। जिले में भी हम नियमित रूप से अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई कर रहे है।

-भूषण पटेल
जिला खनिज अधिकारी सूरजपुर

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश पीड़ित महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में बेटी व नातिन के साथ सो रही महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम नरकालों निवासी मुनिया बाई पति अमृत (62 वर्ष) 26 जून की रात बेटी शीतल दास व उसके बच्चे के साथ घर के कमरे में जमीन पर सो रही थी। तड़के लगभग 3 बजे महिला पैर में सांप के डस लेने पर शोर मचाने लगी। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा बिस्तर के पास जहरीला सांप था। परिजन तत्काल महिला को नवापारा स्थित संगवारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चटनी नहीं बनाने पर पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम करवां सेमरियापारा निवासी राकेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 25 जून को ओड़गी में खाद लेने गया था और रात हो जाने पर ग्राम बेदमी मनकेश्वर के यहां रुक गया। सुबह घर आया तो देखा सौतली मां सोनामती जमीन पर चटाई में मृत हालत में पड़ी थी। जिसे देख पत्नी रिंकी से पूछताछ की तो पत्नी रिंकी ने बताया कि ससूर केवल प्रसाद ने दिन करीब 12 बजे सासू मां मानमति को चटनी बनाने के लिए कहा लेकिन सासू मां चटनी नहीं बनाई और शराब पीने चली गई। वापस आने पर ससूर ने डंडे से बेदम पिटाई कर दी जिससे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सर्पदंश से नानी-नातिन की मौत, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

■ नातिन को बचाते समय नानी को डस लिया था सांप

ग्राम पंचायत कोटा गहना में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात जहरीले सांप ने नानी-नातिन को डस लिया। नानी की घर में ही जबकि बालिका की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देर रात जब जहरीले सांप ने बालिका को डस तो नानी उसे सांप से बचाने लगी तभी सांप से उसे भी कई जगह डस लिया था। एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत हो जाने से गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्राम घोरघड़ी के फूफंदीपारा निवासी 8 वर्षीय करिश्मा शुक्रवार को कोटागहना निवासी अपनी नानी नंदी पति सोला (56 वर्ष) के घर आई हुई थी। शनिवार रात दोनों घर के कमरे में जमीन पर सो रहे थे। रात लगभग 11 बजे एक जहरीले सांप ने पहले मासूम करिश्मा को डस लिया। सांप के डसने से बच्ची रोने लगी तो बगल में सो रही नानी बच्ची को बचाने और सांप को हटाने के प्रयास करने लगी तभी सांप ने नानी नंदी को भी सांप ने काट लिया। बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने बालिका की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए बालिका को लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में चंद्रगढ़ के समीप तड़के करीब 4 बजे उसकी मौत हो गई। इधर नानी नंदी की घर पर ही तड़के करीब 3 बजे मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने ग्रामीणों से घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, जमीन पर सोने से बचने तथा सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय बिना देरी किए तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचने की बात कही है।



## पोलियो पर प्रभावी नियंत्रण, इस उपलब्धि को बनाए रखना सबका दायित्व : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ जिला स्तर पर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाई गई। जिला स्तर पर इस अभियान का उद्घाटन लखनपुर सीएचसी में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया जबकि शहर में ननि महापौर ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

सीएचसी लखनपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना सरकार और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभियान में हर बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत ने वर्षों के सतत प्रयास, जनभागीदारी और स्वास्थ्यकर्मियों की अथक मेहनत से पोलियो पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है। अब इस उपलब्धि को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने परिवार, मोहल्ले और आसपास के 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वस्थ बचपन ही सशक्त भारत की आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने दे तथा अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करे।



### जिले में 1.42 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को जिला चिकित्सालय में ननि की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की अध्यक्षता में किया गया। महापौर ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस दौरान बताया गया कि अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,42,685 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में 899 पोलियो बूथों पर 1104 टीमों के माध्यम से 2204 वैक्सीनेटर तैनात किए गए हैं। अभियान के प्रथम दिवस बूथों पर तथा दूसरे एवं तीसरे दिवस घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि पोलियो की दो बूंद बच्चों को आजीवन अपंगता से बचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं तथा अन्य परिवारों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती किरण साहू, श्री अनिल तिवारी एवं श्री अभय साहू ने भी अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. जेके रेलवानी, डॉ. राजेश भजगावली, डॉ. केपी. विश्वकर्मा, संतोष सिंह, सुरेश एक्का, संजय कुमार पाण्डेय मौजूद थे।

## पल्स पोलियो अभियान में बड़ी लापरवाही, शाम 4 बजे तक नहीं पहुंची टीम

**बिहारपुर।** विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोहीर के आश्रित ग्राम लूल्ह एवं भुन्डा में पल्स पोलियो अभियान में बड़ी लापरवाही सामने आई है। रविवार शाम 4 बजे तक लूल्ह आंगनबाड़ी केंद्र में पोलियो ड्रॉप का बॉक्स नहीं पहुंचा जिसके कारण केंद्र में एक भी बच्चे को पोलियो की खुराक नहीं पिलाई जा सकी।

हर वर्ष इसी आंबा केंद्र में नियमित पल्स पोलियो अभियान चलाया जाता रहा है। इस बार समय पर दवा नहीं पहुंचने से अभिभावकों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि जिले के सभी पोलियो केन्द्रों में बच्चों को दवा पिलाई जा रही है तथा अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक देंगे लेकिन दूरस्थ गांवों तक पहले दिन ही दवा नहीं पहुंच पाना अभियान की तैयारियों पर सवाल खड़ा करता है। ग्राम भुन्डा की स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां आज तक अलग पोलियो केन्द्र की व्यवस्था नहीं हो सकी है। गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है। पालियो ट्रॉप के लिए ग्रामीणों को अपने छोटे बच्चों को लेकर 9 किलोमीटर दूर ग्राम लूल्ह जाना पड़ता है। बरसात में यह दूरी तय करना काफी कठिन साबित होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में ही अस्थायी पोलियो केंद्र बनाया जाए तो बच्चों तक आसानी से दवा पहुंच सकती है। छक्के लाल चेरवा ने बताया कि उनके घर के पास ही लूल्ह का आंबा केंद्र संचालित है लेकिन रविवार शाम तक वहां न तो पोलियो की दवा पहुंची और न ही विभाग की टीम। लोग पूरे दिन बच्चों को लेकर इंतजार करते रहे, लेकिन अभियान शुरू ही नहीं हो सका।

पल्स पोलियो अभियान के पर्यवेक्षक अजीत कुमार राय ने बताया कि तीन गांव के बीच एक ही टीम है जो पहले दिन तेलाईपाट में इसके बाद लूल्ह और भुंडा जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाती है।

### पर्यटन मंत्री करेंगे उदघाटन, समापन में शामिल होंगे सीएम, दिल्ली के कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन

# आषाढ़ के प्रथम दिन दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा अंचल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर रामगढ़ में आषाढ़ के प्रथम दिवस 29 एवं 30 जून को दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति, इतिहास, पुरातत्व, साहित्य एवं पर्यटन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में जनप्रतिनिधि, साहित्यकार, इतिहासकार, कलाकार, पर्यटक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।



महोत्सव का शुभारंभ 29 जून को प्रातः 10.30 बजे पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिनभर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। सायंकाल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक एवं सांस्कृतिक कलाकार अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से महोत्सव की गरिमा बढ़ाएंगे। भव्य रामलीला का मंचन नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के दौरान आगंतुकों को विश्व की प्राचीनतम रंगशाला के रूप में प्रसिद्ध सीताबेंगरा गुफा, ऐतिहासिक जोगीमारा गुफा, रामगढ़ पर्वत श्रृंखला तथा अन्य महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इतिहास एवं पुरातत्व विशेषज्ञ इन धरोहरों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व की विस्तृत जानकारी देंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 30 जून को साहित्य, इतिहास एवं संस्कृति पर केंद्रित परिचर्चाएं, लोककलाओं की प्रस्तुति, जनजातीय संस्कृति का प्रदर्शन, स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे।

### समापन समारोह में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

रामगढ़ महोत्सव का समापन 30 जून को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्कृष्ट प्रतिभागियों, कलाकारों एवं सहयोगियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास से जुड़े विषयों पर अपने विचार भी व्यक्त करेंगे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### 6वीं के चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आयोजित प्रावचयन परीक्षा 1 मार्च 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची राज्य कार्यालय द्वारा 22 जून 2026 को जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट मासंअलं.बह.दपब.पद पर देखी जा सकती है। चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 30 जून से 4 जुलाई तक जिले में संचालित 6 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में निर्धारित तिथियों में प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक की जाएगी।

### पहाड़ी कोरवा बस्ती में गूंजी मोदी के मन की बात

**जशपुरनगर।** बगीचा मंडल के शाहिडांड शक्ति केंद्र अंतर्गत बूथ क्रमांक 23 स्थित पंडरीपानी की पहाड़ी कोरवा बस्ती रविवार को राष्ट्रभावना और जनभागीदारी के संदेश से सराबोर रही। जनपद पंचायत बगीचा के उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पहाड़ी कोरवा समाज के ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी कोरवा जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों का सम्मान, सशक्तिकरण और समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** लोदाम थाना क्षेत्र के आने वाले एक गांव में घर के घुसकर 34 वर्षीय महिला के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ करने वाले 42 वर्षीय ढाबा संचालक को लोदाम पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया है जानकारी।के अनुसार 26 जून को थाना लोदाम क्षेत्र के एक ग्राम की 34 वर्षीय पीड़ित प्रार्थिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून की सुबह करीबन 8 से 9 बजे के मध्य वह घर में अकेली थी, उसी दौरान लोदाम क्षेत्रांतर्गत ही एक ढाबे का संचालक आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष, पीड़िता को घर में अकेली जानकर, घर में घुस आया, व गलत नियत से प्रार्थिया के साथ छेड़ छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने लगा, पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी के द्वारा, पीड़िता को इसके समुदाय विशेष का नाम लेते हुए उसके पति को छोड़कर अपने साथ पत्नी बनाकर रखने की बात करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया जा रहा था। पीड़िता की रिपोर्ट पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल थाना लोदाम में आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष के विरुद्ध बी एन एस की धारा 74,331(3),296 व 3(1)(ब),3(2)V (क) एस टी/एस सी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### लाखों की हाईमास्ट लाइट अंधेरे में गुम

**पत्थलगांव।** अंधेरे को उजाले में बदलने के लिए लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई सौर ऊर्जा चलित हाईमास्ट लाइट खुद बदहाली का शिकार होकर शोपीस बन चुकी हैं। रखरखाव के अभाव और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने इन महत्वाकांक्षी योजनाओं की चमक फीकी कर दी है। नगर के कई स्थानों पर स्थापित हाईमास्ट लाइटें वर्षों से बंद पड़ी हैं और अब सिर्फ सरकारी लापरवाही की मूक गवाह बनकर खड़ी हैं। नगर के हृदय स्थल पुलिस थाना के सामने स्थित मां दुर्गा चौक पर लगी हाईमास्ट लाइट इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कभी शाम ढलते ही जिसकी रोशनी से पूरा चौक जगमगा उठता था, आज वही हाईमास्ट लाइट अपनी आखिरी सांसें गिनती नजर आ रही है। शुरुआती दिनों में कुछ समय तक रोशनी बिखेरने वाली यह लाइट अब पूरी तरह बंद पड़ी है।

## स्वास्थ्य मंत्री बोले- सुबह 9 से रात 9 बजे तक सप्ताह के सातों दिन मिलेगी डायलिसिस सेवा

# चिरमिरी में डायलिसिस की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

- जल्द शुरू होंगे सीटी स्कैन और अटल आरोग्य लैब

जिला अस्पताल चिरमिरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 5 बिस्तरीय अत्याधुनिक डायलिसिस इकाई तथा नवीन प्रथम तल स्थित 30 बिस्तर कक्ष का लोकार्पण स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी क्षेत्र के लोगों को अब डायलिसिस जैसी महत्वपूर्ण सुविधा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में शीघ्र ही सीटी स्कैन मशीन जो 8 करोड़ रुपये की लागत से, अटल आरोग्य लैब तथा तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की सुविधा भी शुरू की जाएगी। साथ ही डॉक्टरों के लिए 30 आवासीय क्षमता वाली 9 ब्लॉक की आधुनिक डॉक्टर कॉलोनी का निर्माण तेजी से जारी है, जिसका उद्घाटन अगले वर्ष जून तक प्रस्तावित है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय पूर्व विधायक दीपक पटेल की डायलिसिस सुविधा के अभाव में हुई असमय मृत्यु ने उन्हें इस दिशा में कार्य करने का संकल्प दिया था। आज उसी संकल्प का परिणाम है कि चिरमिरी में डायलिसिस जैसी अत्याधुनिक सुविधा शुरू हो सकी है। उन्होंने अस्पताल की प्रगति के आंकड़े भी साझा किए। बताया कि पहले अस्पताल में केवल 4 डॉक्टर, 7 नर्सें और 20 से कम कर्मचारी थे, जबकि वर्तमान में 12 विशेषज्ञ चिकित्सक, 75 नर्सें तथा लगभग 140 कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। पहले जहां प्रतिदिन 35 मरीजों की ओपीडी होती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 350 तक पहुंच गई है। भर्ती मरीजों की संख्या भी पहले 10 के आसपास रहती थी, जो अब बढ़कर 65 से 70 प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि चिरमिरी में 100 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, 100 बिस्तरों का मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य अधोसंरचना विकसित की जाएगी। साथ ही भूकभूकी रोड का डबल लेन निर्माण, पौड़ी-गेल्हापानी बाईपास तथा नई रेल परियोजना के अंतर्गत चिरमिरी, पाराडोल में स्टेशन और मनेंद्रगढ़ में रेल स्टॉपेज जैसी योजनाएं भी क्षेत्र के विकास को नई गति देंगी। महापौर ने जताया आभार महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। पहले डायलिसिस के लिए मरीजों और उनके परिजनों को दूसरे शहरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय, धन और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध होने से आम जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, सभापति संतोष सिंह, मनीष खटीक, राजकुमार बाधवान, रामौतार, प्रदीप सलूजा, नरेंद्र साहू, राजू नायक, बबलू शर्मा, बीएमओ खड़गवां मनीष सिंह, सीएस चिरमिरी, सीएस मनेंद्रगढ़ डॉ स्वप्निल तिवारी, श्रीपत राय, काकू अरोरा, एल्डरमैन, महिला विंग की पदाधिकारी, अभय जायसवाल, पार्षद बाबी, पार्षद पूजा, पार्षद गंगा साहू, संजय जैन, जीवनदीप समिति के सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रतिमा बड़ात्या, एमआईसी सदस्य, सजल भट्टाचार्य, डॉ. गौतम विश्वास, पार्षद देवकरण सिंह, अरविंद अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी।


पांच बिस्तरीय तैयार डायलिसिस बेड।



# हल्की बारिश में शहर की सड़कें जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- मजल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

रविवार सुबह कुछ घंटे धूप खिलने के बाद आसमान में बादल छाने लगे। उमड़ते-घुमड़ते बादलों के बीच दोपहर के समय तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश शुरू हो गई। रुक-रुक कर हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद शाम के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत महसूस की। जानकारी के अनुसार जिले के अन्य क्षेत्रों में भी बारिश होने की सूचना है। इसके एक दिन पूर्व शनिवार को भी जिले के कुछ हिस्सों में बारिश हुई थी, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बनी रही। हालांकि दोनों दिनों में कहीं भी झमाझम बारिश नहीं हुई, जिसकी लोग उम्मीद कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से जिले में खंड वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं और खेतों को तैयार करने का काम शुरू कर दिया है।

### थोड़ी बारिश में जलभराव

शहर के मुख्य मार्ग स्कूलपारा में एक स्थान पर थोड़ी सी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। इसके कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। खासकर पैदल चलने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क के आधे हिस्से में पानी भरे होने के कारण पैदल चलने वालों को किनारे से होकर गुजरना पड़ता है। यदि समय रहते यहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो पूरे बरसात के मौसम में लोगों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ सकती है।

# बरसात शुरू, लेकिन कई क्षेत्रों की नालियां जाम


नालियों में भरा कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात ने दस्तक दे दी है, लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में नालियों की सफाई अब तक नहीं हो पाई है। नगर पालिका की इस लापरवाही का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कई वार्डों में बरसात पूर्व नालियों की बेहतर तरीके से साफ-सफाई नहीं की गई है। ऐसे में बारिश के दौरान नालियों में पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने के साथ ही लोगों के घरों तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। नगर क्षेत्र की कई नालियां कचरे, प्लास्टिक वेस्ट सहित अन्य गंदगी से भरी हुई हैं। इससे बरसाती पानी की निकासी के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। बारिश तेज होने पर पानी के साथ कचरा भी सड़कों पर बहकर आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को पहले से ही जानकारी होती है कि जून माह से बारिश की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। ऐसे में समय रहते शहर की छोटी-बड़ी नालियों की विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जानी चाहिए थी, लेकिन इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई गई। स्थिति यह है कि कई क्षेत्रों की नालियों में कचरा जमा है और कई नालियां सफाई के अभाव में बजबजा रही हैं। ऐसे में बारिश तेज होने पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात का

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम ₹मन की बात₹ का 135वां एपिसोड रविवार को मंडल शिवपुर-चरचा के बूथ क्रमांक 26 एवं 20 के कार्यकतार्ओं ने संयुक्त रूप से सुना। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से संवाद के माध्यम से साझा किए गए विचारों को कार्यकतार्ओं ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# भाजपा सरकार ने युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी,मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में देशभर में सामने आए पेपर लीक के मामलों को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लगातार कमजोर हुई है और लाखों युवाओं का भविष्य असुरक्षित हो गया है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और जो युवा वर्षों तक मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, उनके भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। नीट सहित कई परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर कर दिया है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें, पेपर लीक के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाए और दोषियों के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कांग्रेस महामंत्री पूनम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। शिक्षा व्यवस्था में लगातार अव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने में लगी हुई है। कांग्रेस शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग करती है।

# विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत जगतपुर में बीते दिनों पंचायत की विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।




ग्राम सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों एवं प्रस्तावों की जानकारी दी गई। विशेष ग्राम सभा में ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा पिछले वर्ष विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों के नाम, प्राप्त राशि, व्यय राशि एवं कार्यों की अद्यतन स्थिति का वाचन किया गया। पंचायत के तिमाही आय-व्यय की समीक्षा भी की गई। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए पंचायत द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं लाभांवितों के नामों का वाचन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

### पीएटी-पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा में 126 ने दी परीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार को पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन शहर के दो परीक्षा केंद्रों में किया गया। आयोजित दोनों परीक्षाओं में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 176 रही, जिसमें 126 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्र शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज बैकुण्ठपुर में 123 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 84 ने परीक्षा दी और 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# आस्था, सम्मान और सांस्कृतिक समन्वय का अविस्मरणीय संगम

- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आयोजित ₹सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा₹ विशिष्टजनों के लिए अविस्मरणीय और गौरवपूर्ण अनुभव साबित हुई।



केंद्र सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल एवं संस्कृति विभाग के संचालक डॉ. संजय कन्नौजे के विशेष प्रयासों से इस भव्य यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का उद्देश्य पद्म अलंकरण एवं राज्य अलंकरण से सम्मानित विभूतियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्टजनों को देश के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के दर्शन कराना तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ना था। एमसीबी जिले से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार के मार्गदर्शन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में सभी विशिष्टजनों को मनेन्द्रगढ़ से विशेष वातानुकूलित बस द्वारा रायपुर रवाना किया गया। इसके बाद राज्य शासन की ओर से विशेष वातानुकूलित ट्रेन के माध्यम से सोमनाथ यात्रा संपन्न कराई गई।

पूरी यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। भजन, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच यात्रा उत्साह और श्रद्धा से सराबोर रही। गुजरात के वेरावल (सोमनाथ) रेलवे स्टेशन पहुंचने पर गुजरात सरकार ने ढोल-नगाड़ों लोकनृत्य एवं पारंपरिक स्वागत के साथ सभी विशिष्टजनों का आत्मीय अभिनंदन किया।

## बारिश में कीचड़ बनने का खतरा, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

# रेलवे स्टेशन-सरडी नवापारा सीसी सड़क पर मिट्टी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



ग्राम पंचायत सरडी में हाल ही में रेलवे स्टेशन से सरडी नवापारा एवं जूनापारा को जोड़ने वाली सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है, ताकि ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। लेकिन सड़क बनने के कुछ ही समय बाद इसकी उपयोगिता पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

सड़क के किनारे स्थित खेतों से निकाली गई मिट्टी आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से सड़क किनारे और कई स्थानों पर सड़क से सटाकर ढेर कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मिट्टी को नहीं हटाया गया तो बारिश शुरू होते ही पूरी सड़क कीचड़ और फिसलन में बदल जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार किसान खेती-बाड़ी की तैयारी के लिए अपने खेतों की खुदाई कर निकली मिट्टी को कई दिनों से सड़क के किनारे जमा कर रहे हैं। लगातार पड़े इन मिट्टी के ढेरों से सड़क की चौड़ाई भी कम हो गई है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। बरसात के दौरान यही मिट्टी बहकर सड़क पर फैल जाएगी और सीसी सड़क कीचड़ से पट जाएगी, जिससे दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार्ग पर पूर्व में निर्मित एक पुल भी धंस चुका है। पुल की मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों और राहगीरों को पहले से ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब सड़क पर जमा मिट्टी की समस्या ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। यदि समय रहते पुल की मरम्मत और सड़क से मिट्टी हटाने का कार्य नहीं किया गया, तो बारिश के दिनों में इस मार्ग से आवागमन करना बेहद कठिन हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से मांग की है कि सड़क पर जमा मिट्टी को तत्काल हटवाया जाए तथा धंसे हुए पुल की मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि लाखो रुपये की लागत से बनी सड़क का लाभ तभी मिलेगा, जब उसका नियमित रखरखाव भी किया जाए। यदि संबंधित विभाग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो बारिश के मौसम में यह सड़क दुर्घटनाओं और परेशानी का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि नई बनी सड़क विकास की पहचान है, लेकिन उसकी सुरक्षा और रखरखाव भी उतना ही आवश्यक है, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलती रहे।ग्रामीणों का कहना है कि मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यदि सड़क किनारे रखी मिट्टी को शीघ्र नहीं हटाया गया, तो पहली ही तेज बारिश में मिट्टी बहकर पूरी सीसी सड़क पर फैल जाएगी। इससे सड़क फिसलन भरी हो जाएगी और वाहन चालकों के नियंत्रण खोने की आशंका बढ़ जाएगी। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन से निर्मित इस सीसी सड़क का उद्देश्य लोगों को बेहतर आवागमन उपलब्ध कराना था, लेकिन यदि समय रहते सड़क पर जमा मिट्टी नहीं हटाई गई और धंसे हुए पुल की मरम्मत नहीं हुई, तो सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। इससे शासन की विकास योजनाओं पर भी सवाल खड़े होंगे। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और संबंधित विभाग से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर तत्काल सड़क से मिट्टी हटाने, धंसे हुए पुल की मरम्मत कराने तथा भविष्य में इस तरह सड़क पर मिट्टी डालने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान कर दिया जाए तो बरसात के दौरान किसी भी बड़ी दुर्घटना या जनहानि की आशंका को टाला जा सकता है।

# कलेक्टर ने पेंशन, राशन, बिजली की सुविधाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज. सोनहत

जिले की कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने सोनहत ब्लॉक के ग्राम बड़गांव की बुजुर्ग आवास हितग्राही जुकमन बाई के घर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने रसोई घर में जाकर, जुकमन बाई के हाथों से बनी करेला की सब्जी का स्वाद लिया, कलेक्टर ने कहा बहुत स्वादिष्ट सब्जी बनी है। बातचीत के दौरान कलेक्टर के साथ पुराने दिनों की यादें साझा कीं। जुकमन बाई ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलने के बाद उनका जीवन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुकूनभरा हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले कच्चे घर में सांप और बिच्छू का डर हमेशा बना रहता था, लेकिन अब पक्के मकान में यह चिंता नहीं रही। उन्होंने यह भी बताया कि आज भी वे मिट्टी के बर्तन में भात बनाती हैं, जिससे भोजन का पारंपरिक स्वाद बना रहता है। कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने जुकमन बाई से राशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने आत्मीयता से कहा, 'अम्मा, किसी भी समस्या या जरूरत की बात बेझिझक खुलकर बताइए। इसके बाद कलेक्टर ने घर के प्रत्येक कमरे का निरीक्षण किया। घर की साफ-सफाई और सुव्यवस्थित व्यवस्था देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और जुकमन बाई की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### पति करता था चरित्र पर शंका इस लिए उतारा मौत के घाट, आरोपी महिला गिरफ्तार

**सेदम।** सरोता मझवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बतौली थाना अंतर्गत नेतराम मझवार व मानकुंवर मझवार साथ में रहते थे और अक्सर शराब पीकर एक दुसरे से विवाद करते थे। 26 जून की रात दोनों शराब पीकर वापस लौटे थे। इस बीच 27 जून को उसे फोन के माध्यम से जानकारी मिली कि उसका पिटा नेतराम मझवार घर के आंगन में गिरा हुआ है। जब वह घर पहुंचा तो पिता चित हालत में घर में पड़ा हुआ था और उसके शरीर पर चोट के निशान थे। युवक ने पिता को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सीएचसी बतौली में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के स्थ ही घटना की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 26 जून की रात दस बजे नेतराम और उसकी पत्नी मानकुंवर के बीच चरित्र शंका को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आए दिन शंका से आक्रोशित महिला ने नेतराम मझवार की हत्या करने की नीयत से ईंट पत्थर व लकड़ी के फाड़ी से सिर, कंधा, माथे, चेहरा एवं पीठ में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर चोट के कारण नेत्रं की मौत हो गई। जांच उपरान्त पुलिस ने बतौली कदनई लोटाभावना निवासी 40 वर्षीया मानकुंवर पति नेतराम मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हहुए बताया कि नेतराम उसके चरित्र पर शंका करता था। इसी लिए आरोपिया ने पति को ईट पत्थर एवं लकड़ी के फाड़ी से मारकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त ईट, पत्थर, लकड़ी का फाड़ी, घटना के दौराना पहना गया कपड़ा जब्त किया करने के साथ ही आरोपी महिला को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ पकडा गया युवक, गया जेल

**अम्बिकापुर।** जंगल के समीप नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि



युवक के पास से 42 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने युवक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा संभाग में नशे के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को सूरजपुर जिले में थाना जयनगर क्षेत्र में गशत कर रही थी तभी करवां मेन रोड पर मुखबिर से सूचना मिली कि महुआरी अरसोता जंगल में प्रदीप राजवाड़े नामक व्यक्ति नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने महुआरी अरसोता जंगल में घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम प्रदीप राजवाड़े निवासी कमलापुर थाना विश्रामपुर होना बताया।। टीम ने जब प्रदीप राजवाड़े के थैले की तलाशी तो थैला से 42 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने बाइक व नशीले इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### स्टाफ के इंतजार में बैठी रही महिला भृत्य

# शिक्षा सत्र शुरू होते ही पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम में बड़ी लापरवाही, शनिवार को बंद रही संस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

शासन प्रशासन बालिकाओं की शिक्षा हेतु विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है जिससे बालिकाओं को अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिल सके। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सरस्वती साइकिल वितरण, बालिका छात्रावास सहित दर्जनों योजनाएं शासन प्रशासन द्वारा संचालित है जिसमें करोड़ों रुपए शासन प्रतिवर्ष खर्च कर रही है। बावजूद इसके अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही से योजना का लाभ छात्राओं को नहीं मिल रहा। छात्राएं छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर सके इसके लिए ग्राम भटकों में बालिका छात्रावास संचालित है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षा सत्र शुरू होते ही पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम भटकों में एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। शनिवार को संस्था बंद रहा संस्था जबकि संस्था की महिला भूत्य अधीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों के इंतजार में बैठी रही वहीं सभी नदारद रहे।

**खास बात**

- अधीक्षक सहित एच एम,कर्मचारी सभी नदारद

बतौली में शासन प्रशासन के सख्त नियमों के बावजूद आश्रमों की व्यवस्था का बुरा हाल है जहां शिक्षा सत्र खुले 12 दिन हो गया लेकिन पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम शनिवार को बंद पाया गया जहां अंबिकापुर से आ रहे आश्रम अधीक्षिका एवं प्रधान पाठिका सहित अन्य कर्मचारी नदारद रहे। बतौली मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत भटकों में पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम का संचालन किया जाता है जहां सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक शालाओं का संचालन किया जाता है लेकिन बड़ी अजीब विडंबना की बात है कि शनिवार को पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम 10 बजे तक बंद रहा जहां आवासीय आश्रम में छात्राएं तो थे नहीं लेकिन अंबिकापुर से आने वाली अधीक्षका भी नदारद थी। आश्रम में प्राथमिक विद्यालय की अंबिकापुर से आने वाली प्रधान पाठिका अंजना लकड़ा आश्रम की चाबी लेकर नदारद थी। ताला बंद होने से आश्रम में कार्यरत महिला भृत्य भी 10 बजे आश्रम पहुंच रही थी जो आश्रम के बंद होने से बाहर ही खड़ी रही। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम भटको में बालिका छात्रावास का संचालन किस तरह से किया जा रहा है।



बंद छात्रावास।

**संस्था खुले 12 दिन अधिक लेकिन नहीं पहुंची छात्राएं**

स्कूल व छात्रावास का संचालन 16 जून शुरू हो गई है लेकिन पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम में अध्ययनरत छात्राएं अब तक नहीं पहुंची है। अधिकारियों के सही मॉनिटरिंग के अभाव में आश्रम का बुरा हाल है। पदस्थ अधीक्षका भी अपने कार्यो से दूर भाग रही है जिससे अब तक आश्रम में छात्राओं के नहीं पहुंचने से शनिवार को बंद रहा है। नए बच्चों के लिए आश्रम में प्रवेश लिए जा रहे है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा अब तक पूर्व में अध्ययनरत छात्राओं के नहीं पहुंचने से बड़ी लापरवाही सामने आ रही है जो जांच का विषय है।

**शासकीय अवकाश से प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों की मौज**

बतौली स्थित पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम में प्राथमिक शाला का संचालन भी किया जाता है जहां कक्षा पहली से पांचवी की पढ़ाई होती है लेकिन पिछले 12 दिनों से खुले आश्रम में छात्राओं के नहीं पहुंचने से यहां पदस्थ एचएम सहित सहायक शिक्षकों की मौज हो गई है। प्रधान पाठिका अंजना लकड़ा शनिवार को 10 बजे तक आश्रम नहीं पहुंची वहीं सहायक शिक्षिका भी बीमारी से पीड़ित है जो देर से पहुंची जबकि अन्य भृत्य आश्रम के ताला खुलने के इंतजार में बाहर खड़ी थी। जब भी शासकीय अवकाश होता है तो बच्चों के अभाव में पदस्थ शिक्षकों की मौज हो जाती है और इस प्रकार की लापरवाही देखी जा सकती है।

**कराई जाएगी जांच**

शनिवार को पहाड़ी कोरवा कन्या आश्रम बंद था तो इसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

-शरद चंद्र मेषपाल
विकास खंड शिक्षा अधिकारी

**दी गई है समझाइश**

शनिवार को पहाड़ी कोरवा कन्या छात्रावास बंद था इसकी जानकारी मिली है। अधिक्षक को समझाइश दी गई है। लापरवाही बरते पर कार्रवाई की जाएगी, आश्रम के संचालन में लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

-ओम प्रकाश सिंह
प्रभारी मंडल संयोजक

## उपाध्यक्ष चुनाव में स्वयं का वोट निरस्त होने के मामले में भाजपा ने भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में गत 19 जून को संपन्न हुए उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की हार ने पार्टी संगठन को भीतर से हिला कर रख दिया है।खबर है कि अब इस मामले में पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने शिवनंदनपुर निवासी पिता -पुत्र दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है,भाजपा जिला अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष ने शिवनंदनपुर गुरुद्वारा गली निवासी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के निवास पहुंचकर उन्हें नोटिस तामिल करा दिया है,इसके अलावा जिला संगठन ने पार्षद नहीं बनाए जाने से नाराज चल रहे पार्टी कार्यकर्ता जिन्होंने सोशल मीडिया में जिला संगठन को खरी खोटी सुनाते हुए आपत्तिजनक शब्द लिखे थे, इस मामले में पार्टी के जिला महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी ने पार्टी कार्यकर्ता लक्ष्मण कसेरा को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है।इस मामले में श्री कसेरा ने कारण बताओ नोटिस को सोशल मीडिया में अपलोड व शेयर कर उल्टा पार्टी प्रमुखों से ही जवाब मांगा है।

- नोटिस तामिल करा एक हफ्ते में स्पष्टीकरण देने को कहा

**उपाध्यक्ष का स्वयं का वोट निरस्त होने से कार्यकर्ताओं में दिखी नाराजगी**

बता दें कि गत 19 जून को नगर पंचायत शिवनंदनपुर में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में भाजपा कांग्रेस में बराबरी का मामला होने के बावजूद उपाध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी प्रशांत अग्रवाल का मत रहस्यमयी तरीके से निरस्त हो गया ,जिसके बाद कांग्रेस के अंशुल गोयल एक मत से उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।इस घटना के बाद भाजपाइयों में मायूसी व नाराजगी की स्थिति निर्मित कर दी है।बता दें कि आरंभ से कांग्रेस के गढ़ रहे शिवनन्दनपुर नगर पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भाजपा ने अथक प्रयास कर चुनाव जीतते हुए अपना अध्यक्ष बना लेने में सफल हुई और 15 पार्षदों वाले परिषद में कांग्रेस के 8 तथा भाजपा के 7 पार्षद निर्वाचित हुए,अध्यक्ष के मतदान को जोड़ देने से मामला बराबरी पर चल रहा था लेकिन चुनाव में अप्रत्याशित तरीके से भाजपा प्रत्याशी का मत निरस्त हो गया जिससे कांग्रेस को कथित रूप से प्लानिंग के तहत उपाध्यक्ष की कुर्सी मिल गई।इस घटना ने भाजपा को आत्म मंथन पर मजबूर कर दिया।घटना के बाद से स्पष्ट था कि पार्टी संगठन इसे गंभीरता से लेगी और अब खबर है कि संगठन के प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने भाजपा नेता पिता - पुत्र दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर अपना पक्ष रखने एवं स्पष्टीकरण देने को कहा है।

## बाइक सहित सड़क पर किया युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बिरीमकेला निवासी सर्वेश्वर राम कुजूर आ. देव साय (48 वर्ष) न्यायालय में भृत्य के पद पर पदस्थ था। हर रोज की भांति 27 जून को बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 8534 से न्यायालय में ड्यूटी करने आया था। शाम को ड्यूटी कर बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही दरिमा मोड़ के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख लोगों ने संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सर्वेश्वर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

## डीइओ के निरीक्षण में मिली बच्चों की कम उपस्थिति

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार झा ने सोमवार को अंबिकापुर ब्लॉक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

- रसोइया, स्वीपर, सहायिका अनुपस्थित



डीईओ सुबह 10 बजे प्राथमिक शाला नवापारा पहुंचे जहां दर्ज 24 विद्यार्थियों में मात्र 4 विद्यार्थी उपस्थिति मिले। दो शिक्षकों में से एक शिक्षिका अवकाश पर थी। 29 विद्यार्थियों हेतु गणवेश प्राप्त होने के बावजूद वितरण नहीं किया गया था। पाठ्यपुस्तकों का वितरण एवं स्कैनिंग कार्य भी अधूरा पाया गया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता तथा भवन के विभिन्न भाग जर्जर अवस्था में पाए गए। मध्यान्ह भोजन में खिचड़ी परोसी जा रही थी, जिसकी गुणवत्ता प्रधानपाठक द्वारा संतोषजनक बताई गई। निरीक्षण के दौरान रसोईया एवं स्वीपर दोनों अनुपस्थित पाए गए, जिस पर दोनों का मानदेय रोकने का निर्णय लिया गया। डीईओ ने 10.25 बजे सेजेस विद्यालय, गांधीनगर का निरीक्षण किया जहां सभी कक्षाएं संचालित मिली। भृत्य सलीन एक्का निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक शाला भगवानपुर के निरीक्षण में 49 विद्यार्थियों में से मात्र 12 विद्यार्थी उपस्थित मिले। इस दौरान स्वीपर एवं सहायिका दोनों अनुपस्थित पाए गए। शाला विकास मद से आंशिक मरम्मत एवं सामग्री क्रय की जानकारी दी गई। विद्यालय भवन की स्थिति सामान्य से कमजोर पाई गई। डीईओ ने प्रधानपाठक को शाला विकास निधि से तत्काल पुताई कराने एवं मरम्मत कार्यों हेतु प्रस्ताव भेजने निर्देशित किया।

# नियमितीकरण, सामाजिक सुरक्षा और ग्रेड पे की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी में जुटे मनरेगा कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार को अंतिम चेतावनी देते हुए 2 से 4 जुलाई तक तीन दिवसीय चरणबद्ध हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि 1 जुलाई तक मनरेगा एवं वीबीजी रामजी कर्मियों के लिए मानव संसाधन नीति लागू कर सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती तथा ग्राम रोजगार सहायकों को संविदा एवं ग्रेड पे का लाभ नहीं दिया जाता तो प्रदेशभर के कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

महासंघ द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित शासन-प्रशासन को सौंपे गए हड़ताल सूचना पत्र में बताया है कि वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुक्त मनरेगा तथा सभी कलेक्टरों को ज्ञापन भेजा जा चुका है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 2 एवं 3 जुलाई को जिला और जनपद स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि 4 जुलाई को राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय हड़ताल, रैली और प्रदर्शन आयोजित कर शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासंघ की प्रमुख मांगों में समस्त मनरेगा एवं रामजी कर्मियों का नियमितीकरण, नियमितीकरण तक एचआर पॉलिसी के माध्यम से सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा की गारंटी तथा ग्राम रोजगार सहायकों को पुनः संविदा व्यवस्था में शामिल करते हुए ग्रेड पे निर्धारण शामिल है। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मनरेगा कर्मी लंबे समय से कम मानदेय और असुरक्षित सेवा शर्तों में कार्य कर रहे हैं। यदि सरकार द्वारा 1 जुलाई तक सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के हजारों मनरेगा कर्मी चरणबद्ध आंदोलन में शामिल होंगे, जिससे ग्रामीण विकास एवं मनरेगा से जुड़े कार्य प्रभावित हो सकते हैं।



## भक्ति एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई श्याम बाबा की एकादशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर में श्री श्याम बाबा के एकादशी भक्ति, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। श्याम मंदिर में आयोजित धार्मिक उत्सव को लेकर श्याम भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नगर में निशान यात्रा निकाली गई वहीं रात भर भजनों की अमृत वर्षा से श्रद्धालु झूमते नजर आए।

- श्याम मंदिर में एकादशी पर हुआ भजनों की अमृत वर्षा

रात्रि 9 बजे से जबलपुर के भजन गायकों द्वारा अपनी सुमधुर भक्ति प्रस्तुतियों से नगरवासियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति पर पूरा नगर झूम उठा और श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। इस दौरान श्याम मंदिर अध्यक्ष किशोरी लाल गर्ग, रामप्रकाश गोयल, जितेंद्र तायल, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अमित गर्ग, हरिशंकर गर्ग,अमन गर्ग, सुमित गुप्ता, विपुल गोयल, रोहित गोयल, सत्यवान गोयल, राहुल गोयल, सचिन मित्तल तथा महिला मंडल से कांता गोयल, ललिता बंसल, ममता गर्ग, रेखा गर्ग, सुनीता गोयल, मीनू गर्ग, रजनी तायल, कुसुम मित्तल, ललिता गर्ग, सोनम तायल, खुशबू गोयल, सुमन गर्ग, शोभा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## पीएआईडब्ल्यू भुगतान मामले में पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी उप संचालक को नोटिस जारी

**अंबिकापुर।** पशुधन विकास विभाग सरगुजा के प्रभारी उपसंचालक डॉ आरपी शुक्ला को 12 दिवस के भीतर संचालक पशुचिकित्सा सेवाएं द्वारा दूसरा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिससे डॉ शुक्ला की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है। प्रभारी उप संचालक पर मानदेय भुगतान में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है। यह पूरा मामला विभाग अंतर्गत कार्यरत प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को मानदेय राशि के भुगतान में किए गए लापरवाही से जुड़ा हुआ है। संचालक द्वारा पत्र जारी कर जिले में पूर्व वर्षों 2022-23 एवं 2023-24 में प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं (पीएआईडब्ल्यू) के लंबित मानदेय राशि की जानकारी मांगी गयी थी जिसके जवाब में डॉ. आरपी शुक्ला द्वारा 2 फरवरी 2026 द्वारा लंबित मानदेय राशि निरंक भेजी गई एवं वर्ष 2024-25 के लिए 5 लाख 40 हजार रूपए की मांग की जानकारी दिया गया। संचालक द्वारा 5 फरवरी के पत्र द्वारा मांग अनुसार उपसंचालक जिला सरगुजा को वर्ष 2024-25 हेतु 5 लाख 40 हजार रूपए आबंटित कर दिया गया परन्तु डॉ आरपी शुक्ला द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु आबंटित किए गए राशि में से 1 लाख 14 हजार 400 रूपए का भुगतान वर्ष 2023-24 के कार्यों के लिए कर दिया गया है जिसकी निरंक जानकारी उन्हीं के द्वारा संचालक को दिया गया था। डॉ आरपी शुक्ला के उक्त कृत्य को संचालक द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1) एवं 3 (2) के विपरीत माना है एवं 23 जून को लापरवाही, उदासीनता तथा भेदभावपूर्ण कृत्यों हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व विभाग के एक पशु चिकित्सक डॉ. संजीवन टोप्पो की गिरफ्तारी एवं जेल जाने की सूचना विलंब से संचालक को भेजने पर 11 जून को डॉ. आरपी शुक्ला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं | सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles), फिस्टुला (Fistula), फिशर (Fissure), हाइड्रोसील (Hydrocele), अपेंडिक्स (Appendix)
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

सरगुजा मार्केट

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. शिवानी अग्रवाल MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण | टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग | नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श | बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ·नसों का रोग ·त्वचा एवं बालों का रोग ·स्त्री रोग ·मानसिक रोग ·मूत्र संबंधी रोग ·मधुमेह (डायबिटीज़) ·नेत्र रोग ·किडनी संबंधी रोग ·पेट संबंधी विकार ·थायराइड ·अस्थमा ·मोटापा ·मांसपेशी का रोग ·मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# बतौली अस्पताल में बड़ी लापरवाही, पीएम के लिए अवैध उगाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब शव के पीएम कराने पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है।

- पैसा नहीं देने पर पीड़ितों से करते है दुर्व्यवहार
- हर शव के पीएम में करते है 15 सौ से 2 हजार की मांग

एक तरफ अपनों का खोने का दर्द तो वहीं दूसरी ओर पीएम कराने पर पैसा की मांग करने परिजन परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि पैसा नहीं देने पर न सिर्फ खुलेआम दुर्व्यवहार किया जाता है बल्कि शव देने से आनाकानी की जाती है। ऐसे में मृतक के परिजन पीएम कराने तथा शव ले जाने के लिए लिए पैसा देने को मजबूर है। बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ने स्वास्थ्य विभाग के करतूतों से सिस्टम की पोल खोल दी है। पीड़ितों को अपनों के शव ले जाने किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यह परिजन के अलावा कोई दूसरा नहीं समझ सकता। हैरानी की बात तो यह है कि शव के पीएम करने के लिए पैसों की मांग करने के बावजूद पीएम करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे उनके हौसले बुलंद हो गए है।

बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत कदनई लोटाभावना में शुक्रवार देर रात्रि पति पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने पति नेतराम मझवार पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह अचेत हो गया। परिजन अचेत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई थी। शव का पीएम करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली स्थित मरच्यूरी कक्ष में लाया गया। लेकिन यहां पदस्थ नेहरू राम के नाती दीपेश द्वारा डॉक्टर के पीएम कराने पश्चात शव ले जाने के लिए परिजन से 1500 से 2000 रुपए की मांग की। जिस पर मृतक के बेटे बंधन द्वारा पैसा देने में असमर्थता जताई गई तो शव देने से मना कर दिया। पीड़ितों घटना की जानकारी बतौली के नागरिक प्रियेश अग्रवाल को बताई। पीएम के लिए पैसा की मांग करने की जानकारी लगने पर दीपेश मौके पर पहुंचे कर्मचारी को फटकार लगाई तथा अपने पास से 300 रुपए दिए जिसके बाद पीड़ित बंधन मझवार पिता के शव को घर लेकर जा सका। पीएम करने के एवज में रूपए की मांग करने की यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कई पीड़ित परिजन से कर्मचारी द्वारा अवैध उगाही की जा चुकी है।




## परिजन पैसे देने को हो रहे मजबूर

बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहे मानवीय संवेदनाओं के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। परिजन को अपनो का शव ले जाने के लिए दुर्व्यवहार सहना पड़ता है और जब पैसा नहीं देने पर शव ले जाने के लिए लड़ाई झगड़ा की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बतौली में स्वास्थ्य सुविधा की लचर व्यवस्था तो है ही अब किसी के मौत हो जाने के बाद पैसों की मांग ने शर्मसार कर दिया है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

प्रियेश अग्रवाल ने कहा कि बतौली में लगातार पीएम कराने के बाद पैसों की मांग की जा रही है। यह बतौली के लिए अत्यंत ही निंदनीय की बात है कि गरीब परिवार से पैसा की मांग किया जा रहा है। इसके पूर्व भी सिलमा निवासी मृतक होश राम के परिजन से पैसे की मांग की गई थी और अब मृतक नेतराम के परिजन को पैसा दिए बिना शव नहीं दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा खुलेआम गुंडागर्दी है इस संबंध में कलेक्टर से शिकायत कर लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### नोटिस जारी करने दिए है निर्देश

पीएम के बाद परिजन से शव ले जाने के लिए पैसों की मांग की जा रही है तो गलत है। इस संबंध में बीएमओ को नोटिस जारी करने निर्देशित किया जाएगा। ऐसा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-प्रेम सिंह मार्को, सीएमएचओ

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने बच्चों के साथ अपनी पुत्री को पिलाई पोलियो ड्रॉप

**सूरजपुर।** पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में जिले में पल्स पोलियो अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ जिला चिकित्सालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित बच्चों व स्वयं की पुत्री को पोलियो ड्रॉप पीला कर अभियान का शुभारंभ किया। कलेक्टर द्वारा अगुवाई कर जिले के सभी अभिभावकों के संदेश दिया गया कि प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा पिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं अपंगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दो बूंद जिंदगी की प्रत्येक बच्चे का अधिकार है तथा किसी भी कारणवश कोई भी बच्चा इस जीवन रक्षक दवा से वंचित नहीं रहना चाहिए। सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा ने बताया कि जिले में 28 जून को सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके पश्चात 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 1 लाख 4 हजार 627 शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन हेतु जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं, जिसके अंतर्गत पोलियो बूथों की स्थापना, मोबाइल टीमों एवं ट्रांजिट टीमों का गठन, आवश्यक दवाओं एवं वैक्सीन की उपलब्धता तथा कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया गया है।

### परिवहन भाड़ा बढ़ाने की मांग लेकर करंजी रेलवे साइडिंग में ट्रक मालिकों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन चक्का जाम



**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे साइडिंग में कोयला परिवहन भाड़ा बढ़ाने की मांग को लेकर ट्रेलर मालिकों ने रविवार से अनिश्चितकालीन चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया,आंदोलन के पहले ही दिन निकटवर्ती कोयला खदानों से करंजी साइडिंग तक कोयला परिवहन पूरी तरह प्रभावित रहा। ट्रेलर मालिकों का कहना है कि डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद ट्रांसपोर्टर परिवहन भाड़े में कोई वृद्धि नहीं कर रहे हैं। साथ ही ट्रांसपोर्टरों पर मनमानी और अन्यायपूर्ण व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है। इन मांगों को लेकर ट्रेलर मालिक एकजुट होकर आंदोलन पर उतर आए हैं। ट्रिप ट्रेलर मालिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रामनरेश यादव ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याओं की प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन शुरू होने के पहले दिन न तो ट्रांसपोर्टर और न ही प्रशासन की ओर से कोई प्रतिनिधि वार्ता के लिए पहुंचा। संघ के उपाध्यक्ष समीर सिंह ने स्पष्ट कहा कि जब तक ट्रेलर मालिकों की जायज मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। धरना स्थल नवापारा में यूनियन के सदस्यों और ट्रेलर मालिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन के समर्थन में एकजुटता दिखाई। इस दौरान क्षेत्र के पूर्व भटगांव विधायक पारस नाथ राजवाड़े भी धरना स्थल पहुंचे और ट्रेलर मालिकों की मांगों को जायज बताते हुए अपना समर्थन दिया। आंदोलन के चलते करंजी रेलवे साइडिंग से जुड़े कोयला परिवहन पर असर पड़ा है।

### कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराई, बाल-बाल बचे सवार



**राजपुर।** अंबिकापुर की ओर से रामानुजगंज की ओर जा रही थी। हरीतिमा और गेउर फार्म के बीच मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे कार कार सीधे सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस पोल से कार टकराई जिसमें अभी विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ था। यदि उसमें बिजली प्रवाहित हो रही होती तो दुर्घटना हो सकती थी। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवारों को किसी तरह बाहर निकाला। दुर्घटना में कार को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अंबिकापुर-रामानुजगंज के बीच एनएच 343 का निर्माण कार्य जारी है। कई स्थानों पर सड़क पर जीएसबी बिछा होने के कारण वाहन तेज गति से दौड़ रहे हैं। वहीं बड़े वाहनों की आवाजाही से सड़क पर भारी मात्रा में धूल उड़ती है, जिससे सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी शहरी क्षेत्रों में तो पानी का छिड़काव करती है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में धूल नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जाती। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने निर्माण एजेंसी से नियमित पानी का छिड़काव करने की मांग की है।

## कोरिया एवं एमसीबी जिले में मानसून का इंतजार

# चार दिनों से सरगुजा में अटका है मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कमजोर मानसून ने कृषि क्षेत्र के लिए बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। मानसून पिछले तीन दिनों से कोरिया एवं एमसीबी जिले की सीमा पर अटका है। वर्तमान स्थितियों में आगामी दो-तीन दिनों तक मानसून के यथास्थिति बने रहने की संभावना है।

**खास बात**

- एक सप्ताह से नहीं हुई वर्षा, खेतों में पड़ी दरारें, मुरझा रही फसल

मौसम विज्ञानी भी इस बार मानसून की गति का आंकलन ठीक तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून जशपुर के रास्ते गुरूवार को सरगुजा पहुंचा तथा बिना बरसे ही दो दिन का सफर कर कोरिया एवं एमसीबी जिले की सीमा पर पहुंचकर कमजोर पड़ गया। मानसून पिछले चार दिनों से सीमा पर ही स्थिर पड़ा है। मौसम विज्ञानी का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में हलचल नहीं होने के कारण मानसून को आगे बढ़ने की ताकत नहीं मिल रही है। आगामी दो-तीन दिनों में खाड़ी में हलचल होने पर अनुकूल स्थिति निर्मित होगी तथा मानसून फिर से रफ्तार पकड़ेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने इस अवधि में मानसून के उत्तरप्रदेश पार करने का अनुमान लगाया था। मानसून की दस्तक के बाद जून के अंतिम सप्ताह में प्रायः हर साल मूसलाधार बारिश होती है तथा 150 मिमी वर्षा का आंकड़ा पूरा हो जाता है इस बार मानसून की बारिश नगण्य है। प्री-मानसून की 96 मिमी वर्षा ही किसानों का सहारा बनी है। इसी बारिश के आधार पर बड़ी संख्या में किसानों ने मक्का, दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई की है। बारिश के अभाव में किसान धान का बीड़ा नहीं लगा पा रहे हैं तथा धान की खेती पिछड़ने के डर से खेतों में धान के बीजों की बुनाई कर रहे हैं। बारिश नहीं होने के बावजूद स्थानीय प्रभाव से दोपहर में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही बीच-बीच में तेज गरज-चमक हो रही है दोपहर तक चिलचिलाती धूप निकलने से उमस बढ़ गई है। इस दौरान छिटपुट हल्की बारिश भी हो रही है लेकिन वातावरण पर इसका प्रभाव नगण्य है। मौसम विभाग ने मानसून के 5 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर सहित पूरे देश में छाने का अनुमान लगाया था लेकिन विपरीत स्थितियां निर्मित होने के कारण इस बार मानसून को यह दूरी तय करने में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है। इधर मानसून पहुंचने के बावजूद वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ खेती के लिए संकट बढ़ गया है। विकासखण्ड अम्बिकापुर में पिछले एक सप्ताह से वर्षा नहीं हुई है।



खेत में पड़ी दरार।

### खेतों में दरार, झुलस जा रहे अंकुर

तेज धूप निकलने के कारण पूर्व में धान के बीड़ा वाले खेत सूख गए हैं तथा खेतों में दरारें पड़ गई है। तेज धूप में धान का बीड़ा मुरझा रहा है जिससे किसानों को भविष्य में रोपाई के लिए नए सिरे से बीड़ा जुटाने की चिंता हो रही है। किसान दो-तीन दिन में बारिश नहीं होने पर धान का बीड़ा पूरी तरह सूखने की संभावना से काफी चिंतित है। पूर्व में लगाई गई मक्का की फसल पर बारिश नहीं होने के कारण असर पड़ना शुरू हो गया है पौधे मुरझा रहे हैं। खेती पिछड़ने के डर से खेतों में सीधे धान की बुनाई करने वाले किसानों को मौसम की बेरूखी से संकट बढ़ गया है। खेती की नमी सूखने एवं तेज धूप निकलने के कारण धान के बीजों से अंकुर सूख जा रहे हैं। धान के अंकुर सूखने के कारण किसानों को दोबारा धान की बुनाई करने की नौबत आ गई है।

#### ठंडी नहीं हुई धरती

इधर अवर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि वैज्ञानिक किसानों को सावधानी बरतने एवं विपरीत मौसम में पैदावार देने वाले कम अवधि के फसलों को लगाने की सलाह दे रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि प्री-मानसून की अल्प वर्षा में अभी धरती की प्यास नहीं बुझी है। मिट्टी में गर्मी मौजूद होने के कारण फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। किसान घबराएं नहीं एवं बुनाई एवं बीड़ा तैयार करने के लिए बारिश होने का इंतजार करें। मौसम के अनुकूल होते ही कठिनाइयां खत्म हो जाएगी। मौसम विज्ञानी 2-3 दिन बाद अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने एवं मानसून आगे बढ़ने के साथ ही अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

#### दो-तीन दिन में अनुकूल स्थिति

तीन दिनों पूर्व ही मानसून सरगुजा संभाग में पहुंच चुका है। अभी कोरिया एवं एमसीबी जिले के कुछ हिस्से में मानसून से बचे हुए हैं। मानसून को गति देने के लिए बंगाल की खाड़ी में कोई सिस्टम मौजूद नहीं है जिसके कारण मानसून पहुंचने के बाद भी वर्षा नहीं हो रही है। आगामी दो-तीन दिनों में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने एवं वर्षा होने के साथ ही मानसून को आगे बढ़ने की संभावना है।

### बारिश नहीं होने से पिछड़ रही खेती

**अधिना सलका।** समय पर बारिश नहीं होने के कारण खरीफ खेती पिछड़ने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पिछले एक पखवाड़े से क्षेत्र में वर्षा नहीं हुई है जिससे किसान काफी चिंतित है। प्री-मानसून की बारिश होते ही किसान खरीफ खेती की तैयारियां पूरी कर लेते थे तथा धान का बीड़ा भी लगा लेते थे। मानसून की बारिश होते ही क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू हो जाती थी। इस बार क्षेत्र में प्री-मानसून की बारिश पर्याप्त नहीं होने के कारण अभी खेती की तैयारियां भी पूरी नहीं हो पाई है। कुछ किसानों ने पूर्व में हुई वर्षा के दौरान धान का बीड़ा लगा दिया था जो वर्षा के अभाव में सूखने की स्थिति में आ गया है। खेतों में दरारें पड़ गई हैं। वर्षा के अभाव में किसानों के पास सीधे खेतों में धान की बुनाई करने का विकल्प बचा है। चिंतित किसान अपने खेतों में तेजी से धान की बुनाई कर रहे हैं लेकिन तेज धूप में बीजों के अंकुर सूखने के कारण किसानों को संकट और अधिक बढ़ गया है तथा कई किसानों के खतों में दोबारा बुनाई करने की नौबत निर्मित हो गई है। बारिश बंद होने से क्षेत्र में सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है। इस बार महंगे दामों पर धान बीज, उर्वरकों का उपयोग करने के बावजूद बीज के अंकुर नहीं निकलने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

### छिटपुट वर्षा से सूख रही धान की नर्सरी

**धौरपुर।** मानसून के पहुंचने के बावजूद वर्षा नहीं होने से किसानों की समस्या बढ़ गई है। निकट भविष्य में वर्षा होने की उम्मीद में किसान अपने खेतों में सीधे धान की बुनाई कर रहे हैं लेकिन वर्षा के अभाव में धान के अंकुर नहीं निकल रहे हैं तथा खेतों की बुनाई दोबारा करने की हालत बन गई है। वर्तमान में स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा हो रही है। गांव के एक छोर में वर्षा हो रही है जबकि दूसरा छोर पूरी तरह सूखा रह रहा है। पूर्व में साधन संपन्न कुछ किसानों ने वर्षा होने पर धान की नर्सरी लगाई थी जो तैयार हो गई है लेकिन वर्षा नहीं होने के कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों को बीड़ा की अवधि बढ़ने पर इसके अनुपयोगी होने का भय सता रहा रहा है। विपरीत मौसम में किसान धान का बीड़ा लगाने का झंझट छोड़कर सीधे खेतों में धान की बुनाई कर रहे हैं लेकिन खेतों की नमी सूखने के कारण फसल के सफल होने की संभावना कम होते जा रही है। दो-तीन दिन के भीतर अच्छी वर्षा नहीं हुई तो खरीफ खेती के लिए संकट बढ़ जाएगा तथा किसानों को भारी आर्थिक क्षति होगी।

## एनएच पर ट्रक से टकराई बाइक एसईसीएल कर्मी की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अंबिकापुर–सूरजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर शनिवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एसईसीएल के एक कर्मी की मौत हो गई। हादसा शशिपुर स्थित डीजे ट्रांसपोर्ट एंड वेयरहाउसिंग गोदाम के समीप शाम करीब 7:30 बजे हुआ,जानकारी के अनुसार, एसईसीएल बिश्रामपुर की केतकी खदान में फोरमैन पद पर कार्यरत सुशांत मंडल (59 वर्ष) अपनी होंडा शाइन बाइक से अंबिकापुर स्टेशन के पास निर्माणाधीन मकान देखने जा रहे थे। इसी दौरान केनापारा के आगे ग्राम शशिपुर में सड़क पर बिना लाइट, पार्किंग इंडिकेटर या किसी अन्य चेतावनी संकेत के खड़े किए ट्रक क्रमांक सीजी 22 एजे 4331 के पीछे उनकी बाइक जा टकराई।

- गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार, दोनों बेटियों ने दी मुखाग्नि

पुलिस के अनुसार,कोयला लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहे ट्रक का ईंधन खत्म हो गया था। चालक ने एयर आने के बाद ट्रक को सड़क पर ही असुरक्षित स्थिति में खड़ा कर दिया और आवश्यक सुरक्षा संकेत नहीं लगाए। अंधेरा होने के कारण बाइक सवार को ट्रक दिखाई नहीं दिया और वह सीधे पीछे से टकरा गए। बताया गया कि सुशांत मंडल ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और जयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अस्पताल की मरच्युरी में रखवाया गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतक सुशांत मंडल मूल रूप से सिलफिली के निवासी थे और वर्तमान में बिश्रामपुर के मंगतराम चौक स्थित वन-बी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं,अचानक हुई इस घटना से परिवार, सहकर्मी और क्षेत्र में शोक की लहर है। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।दोनों बेटियों भाव्या एवं सृष्टि ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त मिलेगी शिक्षा

**अम्बिकापुर।** श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना, के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित की गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा, जिनका मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध पंजीयन हो तथाछात्र-छात्रा वर्तमान सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। पात्र विद्यार्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को आवासीय विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा के साथ आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री और बेहतर शैक्षणिक वातावरण की सुविधा मिलेगी। इससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिस्पर्धी माहौल प्राप्त होगा। आवेदन श्रमेव जयते ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। इसके अलावा श्रम संसाधन केंद्र, चॉइस सेंटर अथवा श्रम पदाधिकारी कार्यालय अंबिकापुर में भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड अनिवार्य है।

## खेल हमें सिखाता है अनुशासन एवं परस्पर जुड़ा रहना, विजेता टीम को किया गया सम्मानित

**करवां।** खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है, खेल हमें अनुशासन एवं खेल भावना से एक दूसरे को परस्पर जोड़े रहने को सिखाता है। एकजुट होकर चाहे वह खेल का क्षेत्र हो या समाज के विकास हेतु अपना भूमिका निभा सकते हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन का अवसर प्रदान करने वाले आयोजन समिति को भी बधाई जिनके माध्यम से कई गांव के लोग जुड़ते हैं। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने करवां हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त किया।



आयोजन समिति यंग स्टार क्लब करवां द्वारा पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में 8 टीम द्वारा खेल में हिस्सा लिया गया जिसमें फाइनल प्रतियोगिता करवां एवं कैलाशपुर के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि का आतिशबाजी एवं शैला, सुगा नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का स्वागत किया गया। एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सफी अहमद, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े समेत जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव,श्रीमती भगवती राजवाड़े, रामचंद्र यादव, संतोष सिंह, दुष्यंत तिवारी, जरीना सुल्ताना, लिली राजवाड़े अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरंभ कराया। फाइनल मुकाबले में करवां की टीम ने 25 रन से बढ़त बनाकर जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। आयोजन समिति द्वारा विजेता टीम करवां को 51 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 21 हजार नकद एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान कार्यक्रम में 45 युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों द्वारा सदस्यों को माला पहनाकर संगठन की मजबूती और जनसेवा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। इस दौरान सीताराम कुशवाहा, जीवन सिंह, जनार्दन कुशवाहा, बसंत कुशवाहा, सुखराम राजवाड़े, सुरजन सिंह ,मनोज राजवाड़े, अरुण सिंह , प्रकाश कुशवाहा सहित लटोरी मंडल एवं भटगांव मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## ननि नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में एसपी को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कथित वायरल ऑडियो को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में एसपी सरगुजा से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस ने इस मामले में एसआईटी के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

- वायरल ऑडियो की जांच हेतु एसआईटी गठन की मांग

ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने बताया कि टेलिफोनिक वार्तालाप के इस वायरल वीडियो में कलाकेन्द्र मैदान में मीनाबाजार लगाने के लिए लाखों रूपए के लेनदेन की बात स्पष्ट हो रही है जिसके बारे में कहा जा रहा है कि इसमें मौजूद आवाज महापौर मंजूषा भगत और भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की है। मामला प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस ने 22 जून को कलेक्टर सरगुजा को एक ज्ञापन सौंप इस मामले की जांच हेतु विशेष जांच दल गठित करने का निवेदन किया था। हालांकि उसी दिन इस ऑडियो को एआई जनरेटेड बता महापौर ने आदिम जाति कल्याण थाना में एक लिखित शिकायत की थी। इस लिखित शिकायत पर पुलिस के विवेचना की जानकारी हेतु 27 जून शनिवार को कांग्रेस का एक दल निगम में नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में आजाक थाना जाकर जानकारी ली थी। आजाक थाना से यह जानकारी मिली थी कि यह मामला अजाक थाने के क्षेत्राधिकार का नहीं है। इस कारण अजाक थाने ने न तो इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है न ही इसकी विवेचना ही प्रारंभ की गई। इस परिस्थिति की जानकारी होने पर आज रविवार 28 जून को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक सरगुजा से मुलाकात कर उनसे इस मामले में 3 दिनो के अंदर विशेष जांच दल के गठन की मांग की है। पुलिस अधीक्षक से चर्चा में निगम में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महापौर के द्वारा दिए गये जांच आवेदन के उपरांत यह मामला बहुआयामी हो गया है। महापौर का आवेदन आदिवासी महिला के अत्याचार एवं इस ऑडियो के एआई जनरेटेड होने की बात कह रहा है। वहीं ऑडियो का वार्तालाप सत्ता में बैठे लोगों के द्वारा गंभीर भ्रष्टाचार की पुष्टी करने का भी है। ऐसे में एक विशेष जांच दल का गठन कर समयबद्ध विवेचना उसके हाथ में देना उचित होगा। नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि वाईस सैंपलिंग और उसके फोरिंसिक जांच के साथ ही कॉल रिकार्ड की जांच से यह मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के उपरांत मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मामले से जुडे लोगों को स्वयं ही अपना अपना कॉल रिकार्ड सार्वजनिक कर अपने दामन में लगे दाग को धो लेना चाहिये। अगर वो इसमें हिचक रहे हैं तो दाल में काला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने आवेदन अनुरुप विशेष जांच दल के गठन हेतु 3 दिन का इंतजार करेगी। 3 दिनो में निष्कर्ष नहीं आता तो बडे आन्दोलन के साथ ही न्यायालय में परिवाद पेश करने पर भी फैसला लिया जाएगा।

इस दौरान मो. इस्लाम, हेमंत तिवारी, नुरुल अमीन सिद्धकी, मदन जायसवाल, संजय सिंह, जमील खान, लोकेश कुमार, जीवन यादव, विनय गुप्ता, लुकस एक्का, नरेन्द्र विश्वकर्मा, शुभम जायसवाल, अमित तिवारी राजा, सोहन जायसवाल, अमित सिन्हा, मिथुन सिंह, काजू खान, तीरथ चौधरी आदि मौजूद रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

